**बिहार, पश्चिम बंगाल तथा उत्तर प्रदेश में सलाहकार समितियां, बोर्ड तथा अन्य संगठन**

2128. **श्री मोलहू प्रसाद :** क्या गृह-कार्य मंत्री 20 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5324 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार, पश्चिम बंगाल, तथा उत्तर प्रदेश में सलाहकार समितियों, बोर्डों तथा अन्य संगठनों के बारे में इस बीच सूचना एकत्र कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो देर के क्या कारण हैं ?

**गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) :** (क) से (ग). पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश सरकारों से अब सूचना प्राप्त हो गई है। चूंकि प्रश्न का राज्य तथा निम्न स्तर के एक बड़ी संख्या में विभागों से सम्बन्ध है, अतः जांच के पश्चात सूचना यथा-शीघ्र सदन के सभा पटल पर रख दी जायेगी। बिहार सरकार से मांगी गई सूचना अभी प्रतीक्षित है।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यों का कार्यकाल**

2129. **श्री मोलहू प्रसाद :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यों का कार्यकाल पांच वर्ष से घटाकर तीन वर्ष कर दिया गया है ताकि अधिक लोगों को अवसर प्राप्त हो सकें; और

(ख) यदि हां, तो ऐसा निर्णय करने के क्या कारण हैं जबकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करने वाले योग्य व्यक्तियों की कमी है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) :** (क) जी नहीं। किन्तु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (संशोधन) विधेयक 1968 में एक व्यवस्था की गई है, जिसके अनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यों की वर्तमान कार्यावधि 6 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष करने और दोबारा नियुक्ति के लिए पात्र की व्यवस्था है। विधेयक लोक सभा में पेश है।

(ख) सरकार द्वारा यह निर्णय, शिक्षा आयोग (1964-65) की सिफारिशों के आधार पर किया गया है ताकि अधिक परिक्रमण हो सके।

**Disparity in Pay Scales of Primary Teachers**

2130. SHRI MOLAHU PRASAD: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to refer to the replies given to Unstarred Question Nos. 1118 on the 26th July, 1968 and to Unstarred question No. 926 on the 15th November, 1968 and state :

(a) the designations of the officers competent to sanction scales of pay of Primary School Teachers of Government and Private Schools in the States under the President's rule and in the Union Territories ;

(b) whether the details regarding the cost of living and economic potentiality in various States referred to in reply to parts (b) and (c) of Unstarred Question No. 926 answered on the 15th November, 1968, would be laid on the Table ; and

(c) the details of the various steps taken by each State under the President's rule or Union Territory in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRI BHAKT DARSHAN) : (a) There are no States under the President's Rule now. As for the Union Territories, new scales of pay for Government and aided Primary School teachers are prescribed with the concurrence of the Central Government.

(b) As already stated in reply to Question No. 926 dated the 15th November, 1968, this information is not available in the Education Ministry.

(c) Details vary from State to State and among Union Territories.